(xv) Need to send a Central team to check illegal mining of coal in Chatra Parliamentary Constituency, Bihar and also reopen closed mines in the region

डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चतरा में कोयले की अनेक खानें हैं, जहां पर लगभग छः फुट पर कोयला मिलता है। इस क्षेत्र में कोयला माफिया की गतिविधियों के कारण कोयला अवैध रूप से निकाला जा रहा है, जिससे देश की बहुत बड़ी हानि हो रही है। कई बंद पड़ी कोयले की खानें हैं, जिनमें कीमती कोयला पड़ा हुआ है और सी.सी.एल. द्वारा उस पर कोई उत्पादन नहीं किया जा रहा है। इसके लिए केन्द्र स्तर पर एक टीम भेजी जाये जो इन प्रकरणों की जांच करे और दोषी व्यक्तियों को सजा दिलवाये।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र स्तर पर टीम को भेजकर इस कोयले की चोरी को रोका जाये और बंद कोयले की खानों को जल्द खोला जाये, जिससे इस क्षेत्र में फैली बेरोजगारी को रोका जा सके क्योंकि बेरोजगारी के कारण इस क्षेत्र में नक्सलवाद तेजी के साथ बढ़ रहा हे।